यदि काम पर कोई चोट लग जाए या बीमारी हो जाए तो क्या करें

1

2

3

4

यदि आप काम पर घायल हो जाते हैं या बीमार हो जाते हैं

WSIB को अपनी चोट या बीमारी की रिपोर्ट करके लाभ का दावा करने के लिए आपके पास चोट की तारीख या निदान की तारीख से छह महीने का समय है।

आपको अपने कार्यस्थल पर चोट या बीमारी की रिपोर्ट करनी चाहिए, भले ही:

- आपका सुपरवाइज़र या मैनेजर आप से कहता है कि इसकी रिपोर्ट न करें, अन्यथा यह कहता है कि यदि आप इसकी रिपोर्ट करेंगे तो आप अपनी नौकरी खो देंगे
- आपका नियोक्ता आपको बताता है कि आपकी चोट या बीमारी WSIB द्वारा कवर नहीं की जाती है
- आपका नियोक्ता आपको कार्यस्थल पर किसी चोट या बीमारी से रिकवर करने के लिए उसकी रिपोर्ट करने के बजाय सिक दिनों (sick days) का उपयोग करने के लिए कहता है

व्यवसाय

आपके लिए कार्यस्थल पर चोट या बीमारी के बारे में जानने के तीन व्यावसायिक दिनों के भीतर WSIB को रिपोर्ट करना जरूरी है।

आप अपने व्यवसाय में नियोजित किसी भी व्यक्ति की चोट या बीमारी की रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें परिवार के, मौसमी या अस्थायी कर्मचारी, कुछ घरेलू कर्मचारी, निर्माण कार्य करने वाले लोग, छात्र, अप्रेन्टिस और प्रशिक्षण प्रतिभागी शामिल हैं।

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि चोट या बीमारी काम से संबंधित है या नहीं, आपके लिए इसकी रिपोर्ट करना जरूरी है। हम निर्णय लेते हैं कि चोट या बीमारी काम से संबंधित है या नहीं।

कार्यस्थल पर चोट या बीमारी की रिपोर्टिंग को हतोत्साहित करना कानून के विरुद्ध है।

कार्यस्थल पर चोट या बीमारी की रिपोर्ट करने के लिए QR कोड को स्कैन करें या wsib.ca/reporting पर जाएं।

WSIB Ontario

0087 WEB (01/2026) Hindi

यदि काम पर कोई चोट लग जाए या बीमारी हो जाए तो इन कदमों का पालन करें:

कदम	यदि आप काम पर घायल हो जाते हैं या बीमार हो जाते हैं	व्यवसाय
1 **मेडिकल सहायता प्राप्त करें**	तुरंत फर्स्ट ऐड प्राप्त करें। यदि आपको और उपचार की आवश्यकता हो तो किसी स्वास्थ्य पेशेवर से मिलें या अस्पताल जाएँ। चोट लगने के दिन आपका नियोक्ता आपके परिवहन के लिए भुगतान करता है।	फर्स्ट ऐड मुहैया करें और प्रदान किए गए उपचार के सटीक रिकॉर्ड रखें। यदि आपके कर्मचारी को स्वास्थ्य देखभाल उपचार की आवश्यकता है, तो आपके लिए या तो उन्हें स्वास्थ्य पेशेवर के पास ले जाना या चोट के दिन उनके परिवहन की लागत का भुगतान करना जरूरी है।
2 **लिखित प्रमाण रखें**	जितनी जल्दी संभव हो अपने नियोक्ता को अपनी चोट या बीमारी और आपको मिले किसी भी चिकित्सा उपचार के बारे में बताएं। जितना संभव हो उतना विवरण प्रदान करें।	जब कोई कर्मचारी काम से संबंधित चोट या बीमारी का अनुभव करता है, तो कर्मचारी द्वारा रिपोर्ट की गई चोट या बीमारी और उसके कारण के बारे में विवरण प्राप्त करें। अपने फर्स्ट ऐड रिकॉर्ड के साथ इस जानकारी का लिखित प्रमाण रखें।
3 **WSIB को रिपोर्ट करें**	आप वर्कर की इंजरी/बीमारी की रिपोर्ट (फॉर्म 6) जमा करने के लिए QR कोड को स्कैन कर सकते हैं या wsib.ca/reporting पर जा सकते हैं यदि: • आपको किसी स्वास्थ्य पेशेवर से उपचार की आवश्यकता है, या • आप काम पर जाने में असमर्थ हैं, या • आपको कम वेतन दिया जा रहा है या काम के कम घंटे मिल रहे हैं, या • आपको सात कैलेंडर दिनों से अधिक के लिए नियमित वेतन पर संशोधित कार्य की आवश्यकता है आपके नियोक्ता के लिए तीन व्यावसायिक दिनों के भीतर आपकी चोट या बीमारी की रिपोर्ट करना और आपको उनकी रिपोर्ट की एक प्रति देनी जरूरी है।	आप नियोक्ता की इंजरी/बीमारी की रिपोर्ट (फॉर्म 7) जमा करने के लिए QR कोड को स्कैन कर सकते हैं या wsib.ca/reporting पर जा सकते हैं। काम पर चोट या बीमारी का पता चलने के बाद आपके लिए तीन व्यावसायिक दिनों के भीतर रिपोर्ट जमा करना जरूरी है यदि: • आपके कर्मचारी को किसी स्वास्थ्य पेशेवर से उपचार की आवश्यकता है, या • आपका कर्मचारी काम से अनुपस्थित है, या • आपका कर्मचारी नियमित वेतन से कम कमाता है, या • आपके कर्मचारी को सात कैलेंडर दिनों से अधिक के लिए नियमित वेतन पर संशोधित कार्य की आवश्यकता है आपके लिए अपने कर्मचारी को चोट या बीमारी रिपोर्ट की एक प्रति प्रदान करना जरूरी है। आपको घटना वाले दिन अपने कर्मचारी को पूरे दिन का वेतन देना होगा।
4 **मिल कर काम करें**	संपर्क में रहें। हम आपको ठीक होने और सही समय पर सुरक्षित रूप से काम पर लौटने में मदद करने के लिए आपके और आपके नियोक्ता के साथ काम करेंगे।	संपर्क में रहें। हम आपको ठीक होने और सही समय पर सुरक्षित रूप से काम पर लौटने में मदद करने के लिए आपके और आपके नियोक्ता के साथ काम करेंगे।

यदि फर्स्ट ऐड ही प्राप्त किया गया एकमात्र उपचार है, तो आपको WSIB को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं है।

निश्चित नहीं हैं? हम से संपर्क करें।

धोखाधड़ी और सिस्टम के दुरुपयोग की रिपोर्ट करना

यदि आपको संदेह है कि किसी ने कोई अपराध किया है या कार्यस्थल सुरक्षा और बीमा प्रणाली का दुरुपयोग कर रहा है, जिसमें WSIB दावे को रोकने की कोशिश भी शामिल है, तो कृपया **wsib.ca/reportfraud** पर या हमें 1-888-745-3237 पर कॉल करके गोपनीय रूप से इसकी रिपोर्ट करें।

सवाल हैं?

हमारी ऑनलाइन सर्विस के लिए साइन अप करें **wsib.ca/onlineservices** और हमें कभी भी, कहीं भी मैसेज भेजें।

आप हमें 1-800-387-0750 पर भी कॉल कर सकते हैं या अपने TTY डिवाइस से 711 डायल कर सकते हैं।